# बीएचईएल ने उत्साह के साथ योग दिवस मनाया




नई दिल्ली, 21 जून: भारी उद्योग मंत्रालय के तत्वावधान में आज बीएचईएल ने नोएडा स्थित अपनी टाउनशिप में 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया। माननीय केंद्रीय इस्पात और भारी उद्योग मंत्री, श्री एच.डी. कुमारस्वामी ने अपनी उपस्थिति से इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। श्री कामरान रिज़वी, सचिव (एचआई) और श्री विजय मित्तल, संयुक्त सचिव (एचआई) भी इस अवसर पर उपस्थित थे। श्री के.सदाशिव मूर्ति, सीएमडी, बीएचईएल एवं बीएचईएल बोर्ड के कार्यात्मक निदेशकों ने एमएचआई और बीएचईएल के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ इस कार्यक्रम में भाग लिया।

सभा को संबोधित करते हुए श्री. कुमारस्वामी ने कहा कि, "योग दुनिया को भारत का उपहार है", और अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के महत्व को उजागर करते हुए उन्होंने ये साँझा किया की योग ने भारत को दुनिया के सामने 'आध्यात्मिक गुरु' के रूप में स्थापित किया है। उन्होंने सभी से योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने और इसका लाभ उठाने का आग्रह भी किया।

नोएडा स्थित बीएचईएल टाउनशिप के परेड ग्राउंड में एक घंटे का योग सत्र का आयोजन किया गया जिस में 400 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा जारी सामान्य योग प्रोटोकॉल के अनुसार योग आसन किए गए। इस कार्यक्रम को बीएचईएल की सभी इकाइयों और कार्यालयों में लाइव-स्ट्रीम भी किया गया।

---